# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## मंगलवार, 25 अगस्त, 2015/3 भाद्रपद, 1937 (शक्)

----

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].

कुल प्रश्न - 54

----

### भवन निर्माण

***2246 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कांगू के भवन निर्माण का कार्य कब आरम्भ किया गया; और

ख) इसका कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है; कितना शेष है व इसे कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

----

### लो फ्लोर बस सुविधा

***2247 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में जिला ऊना में कितनी Low Floor बसें किन-किन रूटों पर (JNNURM) चलाई गई हैं; ब्यौरा दें?

----

### ईको टूरिज्म को बढ़ावा

***2248 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत Eco Tourism को बढ़ावा देने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए किस-किस जगह का चयन किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ग) भूरेश्वर महादेव मन्दिर बाग पशोग व शिरगुल मन्दिर शाया चबरोण को भी क्या Tourism की दृष्टि से विकसित करने का विचार है; ब्यौरा दें ?

----

## स्टाफ प्रतिनियुक्ति पर

***2249 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न आयुर्वैदिक संस्थानों से पैरा-मैडिकल स्टाफ को सोलन स्थित जिला आयुर्वैदिक अस्पताल में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या इससे ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है; और

(ग) सरकार क्या जिला अस्पताल में स्टाफ की स्थायी व्यवस्था करेगी ताकि प्रतिनियुक्तियों की आवश्यकता न पड़े ?

----

## उपायुक्त द्वारा धनराशि का आबंटन

***2250 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) SDRF व NDRF के अन्तर्गत मिलने वाली राशि को आबंटित करने के क्या-क्या मापदण्ड हैं;

(ख) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 10 अगस्त, 2015 तक जिलाधीश शिमला को आपदा राहत कोष (CRF) के अन्तर्गत SDRF व NDRF में कितनी राशि मिली है; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ग) इस अवधि में जिलाधीश शिमला ने किस-किस की सिफारिश पर यह धनराशि आबंटित की है; योजनावार आबंटित धनराशि व सिफारिशकर्ता के नाम विधान सभा क्षेत्रवार दें ?

----

## Corruption Cases

***2251 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during this year upto 31.07.2015 how many corruption cases against Government officials have been registered throughout the State; give their names and addresses;

(b) what action has been taken by the Government against those officials; and

(c) what steps have been taken by the Government to control the corruption?

----

## लीज़ पर भूमि हेतु नियम

***2252 श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
**श्री बिक्रम सिंह(जसवां-प्रागपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में सरकारी भूमि को लीज़ पर देने हेतु क्या नियम हैं, नियमों की प्रति सदन के पटल पर रखें; और

(ख) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा विभिन्न उद्योगों, विभिन्न निजी संस्थानों, परियोजनाओं, राजनैतिक पार्टियों को कार्यालय निर्माण, शिक्षण संस्थानों तथा अन्य कार्यों हेतु (सरकारी कार्यों के अतिरिक्त) कितनी-कितनी सरकारी भूमि लीज़ पर किन-किन उद्देश्यों हेतु कितनी-कितनी लीज़ मनी पर, कब-कब दी गई; आबंटित भूमि का ब्यौरा वर्षवार, भूमि के रकबे, लीज़ मनी, जहां-जहां पर दी गई, स्थल का नाम/पता व कितने-कितने वर्षों के लिए दी गई सहित दें ?

----

## सिंचाई योजनाओं की अद्यतन स्थिति

***2253 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) मध्यम सिंचाई योजना कौंसल मण्डल/Rain Water Harvesting Scheme cum उठाऊ सिंचाई योजना पाड़छु एवं बाढ़ नियंत्रण वहरी-तनेड-मल्होड-समौड़ जो सरकाघाट मण्डल द्वारा DPRs तैयार की हैं वे किस स्तर पर हैं;

(ख) बाढ़ नियंत्रण वहरी -मल्हौड-तनेड़-समौड़ को State Technical Advisory Committee द्वारा क्या Approve किया जा चुका है तथा इसे भारत सरकार को प्रेषित कर दिया गया है; और

(ग) दोनों मध्यम सिंचाई योजनाओं की औपचारिकताएं क्या पूर्ण कर दी गई हैं तथा इन योजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## सी0आई0पी0ई0टी0 की स्थापना

*2254 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) बद्दी में केन्द्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से बनने वाले Central Institute of Plastic Engineering & Technology कब तक खोला जाएगा;

(ख) पट्टा में खोली गई I.T.I. का भवन निर्माण का कार्य कब तक शुरू होगा; और

(ग) I.T.I. की भूमि क्या तकनीकी शिक्षा विभाग के नाम स्थानान्तरित हो गई है; यदि नहीं, तो कब तक स्थानान्तरित हो जाएगी ?

----

## रोहतांग सुरंग की अद्यतन स्थिति

*2255 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) रोहतांग सुरंग का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया गया व इसके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है और यह कब तक बनकर तैयार हो जायेगी;

(ख) इस सुरंग के निर्माण उपरान्त रोहतांग-कोकसर सड़क का रख-रखाव और मरम्मत का कार्य कौन करेगा जो कि वर्तमान में BRO के पास है; और

(ग) सरकार क्या सुरंग बनने के बाद इस सड़क का रख-रखाव रखने का विचार रखती है ?

----

## लो-वोल्टेज की समस्या

*2256 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चौपाल विद्युत मण्डल के अन्तर्गत लो-वोल्टेज की समस्या से निपटने के लिए विभाग

द्वारा क्या पग उठाए गए हैं व इस समस्या का समाधान कब तक कर दिया जाएगा;

(ख) वर्तमान में विद्युत मण्डल/उप-मण्डल चौपाल/नेरवा/सैंज/कुपवी में कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा पदनाम सहित दें; और

(ग) इन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## FRU Nalagarh

***2257 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the doctors and other para-medical staff has been posted in FRU Nalagarh as per the sanctioned strength;

(b) whether the sanctioned strength of the above staff is in proportionate to the number of visiting outdoor patients; and

(c) if not, by when the strength will be increased?

----

## बेनामी भूमि का पंजीकरण

***2258 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत पांच वर्षों में इन्दौरा तहसील के अन्तर्गत कितने मामले बेनामी भूमि के पंजीकरण के सरकार के ध्यान में आए; और

(ख) उन पर क्या-क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा मामलावार दें ?

----

## आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान की स्थापना

***2259 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार जिला चम्बा में वर्ष 2015-16 में आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## Filling-up of Vacant Posts

***2260 Sh. Mohan Lal Brakta (Rohru):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is any proposal of the department to declare Chirgaon Bazar area as Nagar Prishad/Panchayat;

(b) whether the Government has any proposal to open/set-up Liaison Office of Town & Country Planning at Rohru; and

(c) how many posts of different categories are lying vacant in the Office of Municipal Council, Rohru?

----

## मुफ्त वर्दी की आपूर्ति

***2261 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकारी विद्यालयों में मुफ्त वर्दी की आपूर्ति वर्ष में दो बार की जाती है;

(ख) यदि हां, तो क्या वर्ष 2015-16 में प्रथम बार आपूर्ति कर दी गई है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) इस वर्दी की आपूर्ति के टैण्डर कब किये गये थे और किस फर्म को आपूर्ति आदेश दिये गये; ब्यौरा फर्मों के नाम, पते व क्रय आदेश की तिथि सहित दें?

----

## Akhand Chandi Palace

***2262 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is any proposal to renovate & restore heritage property Akhand Chandi Palace at Chamba;

(b) which agency is going to take up restoration work; and

(c) how much funds have been earmarked for this project?

----

## देनदारियां

***2263 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत तीन वर्षों में प्रदेश में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल कितनी देनदारियां देय हैं; ब्यौरा सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डलशः दें?

----

## दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई

***2264 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि रेणुका डैम हेतु अधिग्रहण की गई भूमि को कुछ तत्वों ने लैंड एक्विजीशन के अन्तर्गत किसानों की ली गई भूमि के बेनामी सौदे किए हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस घपले में कौन-कौन लोग दोषी पाए गए और मुआवज़े के रूप में कितनी-कितनी धनराशि इन्होंने अवैध रूप से प्राप्त की और किस-किस व्यक्ति के विरुद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## अवैध कब्जे

***2265 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में जिला सिरमौर की शिलाई पंचायत में सरकारी विभागों के पास कितनी-कितनी भूमि है; ब्यौरा विभागवार दें ; और

(ख) यह सत्य है कि इस भूमि पर अवैध कब्जे हुए हैं; यदि हां, तो ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

***2266 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न PHCs, CHC बलद्वाड़ा व RH

सरकाघाट में चिकित्सकों के कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा श्रेणीवार व संस्थानवार दें; और

(ख) इनमें से किस-किस संस्थान में किस-किस श्रेणी के चिकित्सक का पद रिक्त है व इन्हें कब तक भर दिया जायेगा ?

----

### Security in Border Area

***2267 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that due to recent terrorist attack at Dinanagar in District Gurdaspur of Punjab, there is a great threat to the security of the Pradesh; and

(b) if yes, what steps the Government has taken at entry point of Kandwal in Nurpur to check the terrorist activities?

----

### पर्यटन को बढ़ावा

***2268 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत ढ़ाई वर्षों में जिला सिरमौर के अन्तर्गत टूरिज्म के विकास के लिए क्या-क्या कार्य किए गए; उन पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई है; ब्यौरा कार्य का स्थान सहित दें; और

(ख) वर्ष 2013-14 में जिला सिरमौर में कुल कितने पर्यटक आए; ब्यौरा धार्मिक, साहसिक एवं अन्य पर्यटकों का अलग-अलग दें?

----

### विस्थापितों को मुआवजा

***2269 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चमेरा 1st Stage Hydro Power Project का निर्माण कार्य कब शुरू हुआ तथा कब पूर्ण किया गया; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि आज तक भी विस्थापित लोगों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित दें; और

(ग) आज तक Project Management द्वारा कितने विस्थापित/भूमिहीनों को रोज़गार उपलब्ध करवाया गया; ब्यौरा उनके नाम का नुकसान सहित दें?

----

## आर्थिक सहायता

***2270 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 31.7.2015 तक मुख्य मंत्री राहत कोष से कितनी आर्थिक सहायता जिला ऊना के लिए आबंटित की गई; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें ?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

***2271 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष 2015 में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने प्राथमिक स्कूल, माध्यमिक स्कूल व उच्च पाठशालाओं को स्तरोन्नत किया गया है; ब्यौरा नाम सहित दे ;

(ख) इन स्तरोन्नत की गई पाठशालाओं में अध्यापकों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; विवरण दें ; और

(ग) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## नगर पंचायतों का उन्नयन

***2272 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हाल ही में प्रदेश सरकार नगर पंचायतों से अपग्रेड होकर बनी नगरपालिकाओं की सीमाओं में बढ़ौतरी करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार आने वाले नगरपालिकाओं के चुनावों से पहले इसे अन्तिम रूप देकर अधिसूचित करेगी?

----

## योजनाओं की डी0पी0आर0

***2273 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत तीन वर्षों में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भटियात की विधायक प्राथमिकता में डाली

गई पीने के पानी/ सिंचाई योजनाओं में से किन-किन कार्यों की DPRs तैयार हो चुकी हैं; ब्यौरा कार्य सहित दें; और

(ख) कितने कार्यों की DPRs बननी शेष है; उनका ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें ?

----

## Vacancy Position

***2274 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that there is no specialists, surgeons, anaesthetists, gynecologists, pediatricians or technicians in Lahaul & Spiti; and

(b) whether the Government propose to appoint them at Lahaul & Spiti in public interest?

----

## हैंडपम्पों की स्थापना

***2275 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्ष 2013-14, 2014-15 व दिनांक 1.4.2015 से 31.7.2015 तक नादौन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने हैण्डपम्प कहां-कहां लगाये गये; ब्यौरा वर्षवार इनके लिए स्वीकृत राशि सहित दें; और

(ख) सरकार को इन्हें लगाने के लिए लोगों या जनप्रतिनिधियों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए थे; यदि हां, तो उनकी प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं

***2276 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष 2015-16 में प्रदेश की केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों में क्या कोई कट लगा है; और

(ख) यदि हां, तो कितना और कौन-कौन सी स्कीमों पर; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति

***2277 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि गिरि नदी से पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की NC/PC बस्तियों के लिए पेयजल योजना का निर्माण कार्य चल रहा है; और

(ख) यदि हां, तो यह योजना कब तक पूर्ण कर ली जाएगी ?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

***2278 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्ष 2013 से वर्ष 2015 तक कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की प्राथमिकताओं में कौन-कौन सी सड़कें हैं;

(ख) इनमें से कितनी सड़कों की DPR बन गई हैं; और

(ग) शेष सड़कों की DPR बनने में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

----

## विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत सड़क निर्माण

***2279 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता की कौन-कौन सी सड़कें हैं; और

(ख) इनके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## विद्यार्थियों को प्रवेश

***2280 डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
**श्री बिक्रम सिंह(जसवां-प्रागपुर) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) हिमाचल प्रदेश के राजकीय तकनीकी शिक्षा संस्थानों में कितने विद्यार्थियों ने किन-किन विषयों में किन-किन संस्थानों में इस वर्ष प्रवेश लिया; ब्यौरा विषयानुसार, संस्थान के नाम एवं स्थान सहित दें; और

(ख) यह सत्य है कि प्रवेश के दौरान कुछ कम मैरिट वाले विद्यार्थियों को भी प्रवेश मिला; यदि हां, तो कारण?

----

## पुलिस चौकियों की स्थापना

***2281 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्रस्तावित तीन पुलिस चौकियां (Police Post) कालूझण्डा, मानपुरा(City Chowki) तथा शहरी पुलिस चौकी वर्धमान को कब तक खोल दिया जाएगा ?

----

## अग्निशमन केन्द्र की स्थापना

***2282 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के पतलीकूहल नामक स्थान पर अग्निशमन केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने अब तक क्या-क्या कार्रवाई अमल में लाई है; ब्यौरा दें ?

----

## सड़क निर्माण

***2283 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि चार वर्ष पूर्व नन्दपुर (कुपवी) चौपाल से ग्राम पंचायत भालू-धौताली होते हुए सड़क के देईयां तक निर्माण कार्य की निविदाएं आमंत्रित करने के पश्चात वन विभाग ने पेड़ों को काटने की अनुमति देनी है; यदि हां, तो इसमें पेड़ों की संख्या बढ़ने से काटने की अनुमति कब तक दी जाएगी; ब्यौरा दें; और

(ख) यह कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## Executive Officer Nalagarh

***2284 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is true that the post of EO of MC Nalagarh is vacant for the last six months; if so, by when it will be filled-up;

(b) whether the salary of the employees of MC Nalagarh for the month of July, 2015 has been disbursed; and

(c) if not, the reasons thereof and by when the same will be disbursed ?

----

## बैंक की शाखा पुनः खोलना

***2285 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सुग-भटोली में KCC Bank की शाखा (Counter) किन कारणों से बन्द की गई; और

(ख) सरकार इसे पुनः खोलने का विचार रखती है ?

----

## सड़क मरम्मत

***2286 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 6 महीनों से सुनारा पंचायत बस सेवा चम्बा से कुण्डी तक सड़क मरम्मत का कार्य न होने के कारण बन्द है; और

(ख) इस सड़क की मरम्मत कब तक कर दी जायेगी ताकि इस क्षेत्र की चार पंचायतों सुनारा, लोथल, बरेही इत्यादि के लोगों को बस सुविधा शीघ्र उपलब्ध हो सके ?

----

## Civil Hospital Rohru

***2287 Sh. Mohan Lal Brakta (Rohru):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether with the increase of bed strength from 150 to 200 the work of additional building of Civil Hospital Rohru has been started;

(b) if yes, by when it will be completed; and

(c) with the increase of beds, how many posts of doctor will be increased and at present how many posts of doctor are lying vacant ?

----

## Imparting of Training

***2288 Sh. Ishwar Dass Dhiman (Bhoranj):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) as on 31st July, 2015 how many Head Constables & Constables are law graduates in Police Department;

(b) whether these law graduates are eligible to be posted in police training centers to impart the training to trainees especially relating to law; and

(c) if so, will the Government post these law graduates in these training centers?

----

## Selection of Junior Team Mates

***2289 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that some Junior Team Mates have been recently selected by HPSEBL; and

(b) if so, list of selected candidates with name and address be laid on the Table of the House ?

----

## सड़क मरम्मत

***2290 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 31.07.2015 तक प्रदेश की सड़कों की मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु कुल कितने बजट का प्रावधान किया गया है; मण्डलशः कितना-कितना बजट आबंटन किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ख) प्रदेश में इस वर्ष कुल कितने किलोमीटर सड़कों का पैच वर्क (Patch Work) व ड्रैनेज का कार्य किया गया; ब्यौरा मण्डलशः दें?

----

## भूमि प्रदान करना

***2291 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने भूमिहीनों और गृहहीनों को शहरी क्षेत्र में दो बिस्वा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तीन बिस्वा भूमि प्रदान करने का निर्णय लिया था; और

(ख) यदि हां, तो पात्र व्यक्तियों की जिला स्तर पर कोई सूची तैयार की गई है; यदि हां, तो कितने व्यक्ति पात्र पाए गए तथा इन्हें कब तक भूमि प्रदान कर दी जायेगी ?

----

## वन महोत्सव

***2292 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में रेणुका वन मण्डल के अन्तर्गत वन महोत्सव (मण्डल स्तर का) कहां-कहां मनाया गया; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भी वन महोत्सव मनाया गया; यदि हां, तो कब; ब्यौरा दें; और

(ग) यदि नहीं, तो कारण ?

----

## सीर खड्ड का तटीयकरण

***2293 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सीर खड्ड के चैनेलाईजेशन का कार्य कब आरम्भ किया गया तथा इसके लिए कितना बजट स्वीकृत है और इसकी अनुमानित लागत कितनी है; और

(ख) दिनांक 31.7.2015 तक इसका कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और यह कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा; ब्यौरा व्यय की गई राशि सहित दें ?

----

## Approval of DPR

***2294 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) during 2014-15 how many DPRs of Nurpur Assembly Constituency were approved under NABARD in IPH Department;

(b) whether the Government is providing budget according to the approval accorded by the NABARD; and

(c) if so, whether the approved schemes will be completed within its stipulated period ?

----

## सड़क निर्माण

***2295 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सतरूंडी हैलीपैड से भनोड़ी तरेला सड़क पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ख) वर्ष 2014-15 व वर्ष 2015-16 में तरेला, बैरागढ़, कालाबन, सतरूंडी, साचपास, पांगी सड़क पर Snow Cutting Road Maintenance पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ग) यह सत्य है कि सरकारी रिकॉर्ड में तरेला, पांगी सड़क वाया भनोड़ी इल्वास सड़क के नाम से स्वीकृत है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्तियां

***2296 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल कितने स्वास्थ्य केंद्र हैं इन केन्द्रों में डॉक्टरों, नर्सों व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कितने-कितने पद सृजित हैं; विवरण दें; और

(ख) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती हैं; विवरण दें?

----

## होम्योपैथी चिकित्सकों की रिक्तियां

***2297 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में होम्योपैथी डाक्टरों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं व कितने भरे हुए हैं तथा कितने रिक्त हैं?

----

## अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण

***2298 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के विभिन्न विभागों में ऐसे कितने अधिकारी/कर्मचारी हैं जो अपनी सेवाएं सरकार की स्थानान्तरण नीति के विपरीत अपने घर, Home Block एवं Adjoining Block में प्रदान कर रहे हैं; ब्यौरा विभागों का जिलावार दें; और

(ख) सरकार कब तक इन अधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानान्तरण, स्थानान्तरण नीति के अनुसार करने का विचार रखती है ?

----

## Repair of Foot Bridge

***2299 Sh. Ravi Thakur(Lahaul & Spiti) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Pukar Foot Bridge in Lahaul and Spiti requires immediate repair work; and

(b) if so, what steps the Government is taking for its repair or replacement; details be given?

----

**Shimla : 171004.** | **Sunder Singh Verma,**

**Dated: 12th August, 2015.** | **Secretary.**